इंडिया टीवी .in
www.indiatv.in

मेरे सर पर रख बाबा अपने ये दोनों हाथ

मेरे सर पर रख बाबा
अपने ये दोनों हाथ
देना हो तो दीजिए
जनम जनम का साथ

देने वाले श्याम प्रभु तो
धन और दौलत क्या मांगे
श्याम प्रभु से मांगे तो फिर
नाम और इज्जत क्या मांगे
मेरे जीवन में तू कर दे
बाबा कृपा की बरसात
देना हो तो दीजिए
जनम जनम का साथ

श्याम तेरे चरणों की धूल तो
धन दौलत से महंगी है
मेरे दिल की तम्मना यही है
करूँ सेवा तेरी दिन रात
देना हो तो दीजिए
जनम जनम का साथ

झुलस रहे है गम की धुप में
प्यार की छैय्या कर दे तू
बिन माझी के नाव चले न
अब पतवार पकड़ ले तू
मेरा रस्ता रौशन कर दे
छायी अन्धयारी रात
देना हो तो दीजिए
जनम जनम का साथ

सुना है हमने शरणागत को
अपने गले लगाते हो

ऐसा हमने क्या माँगा जो
देने से घबराते हो
चाहे जैसे रख बनवारी
बस होती रहे मुलाकात
देना हो तो दीजिए
जनम जनम का साथ

मेरे सर पर रख दो बाबा
अपने ये दोनों हाथ
देने हो तो दीजिए
जनम जनम का साथ

इंडिया टीवी .in
www.indiatv.in